587

QHD

December - Examination 2017

B.A./B.Com./BSc / BSW Examination

General Hindi

सामान्य हिंदी

Paper - QHD

Time : 3 Hours] **[Max. Marks :- 100**

निर्देश : इस प्रश्न पत्र के तीन खण्ड 'अ', 'ब' और 'स' है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दिजिए।

(खण्ड – अ) **10 × 2 = 20**

(अति लघूत्तरात्मक प्रश्न)

निर्देश : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य और अधिकतम 30 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है।

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दिजिए।

(i) 'रामचरितमानस' ग्रन्थ के रचयिता कौन हैं?

(ii) 'तत्सम शब्द' किसे कहते हैं?

(iii) दो–दो पर्यायवाची लिखिए।

(क) गंगा (ख) पेड़

(iv) 'सच्चीवीरता' निबन्ध के रचयिता का नाम लिखिए।

(v) 'आकाशदीप' कहानी में चंदा के पिता की हत्या किसने की?

(vi) वाक्यांशसूचक शब्द लिखिए।

(क) जिसका जन्म अच्छे कुल में हुआ हो।

(vii) 'मुँह की खाना' मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(viii) 'प्र' उपसर्ग से दो शब्द बनाइए।

(ix) मीरा के आराध्य देव कौन हैं?

(x) भारत संघ की राजभाषा एवं लिपि कौनसी है?

(खण्ड – ब) $4 \times 10 = 40$

(लघूत्तरात्मक प्रश्न)

निर्देश : किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दिजिए। अपने उत्तर को अधिकतम 200 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 10 अंकों का है।

2) निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

''ढली दुपहरी सी आई हो'
दिन समेट टूटे पिछवाड़े।
छाया सी बढ़ती उधड़न से
झाँक रहे है अंग उघाड़े।
तुझको और दिलासा देना
रिसते घावों कील चुभानी।
मेरा वेतन ऐसा रानी,
जैसे गर्म तवे पर पानी।।''

3) ‘सच्चीवीरता’ निबंध के आधार पर वीरता के प्रकारों का उल्लेख कीजिए।

4) देवनागरी लिपि की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

5) पल्लवन कीजिए।

''क्षमा शोभती उसी भुजंग को,
जिसके पास गरल हो।''

6) आकाशदीप कहानी में प्रमुख पात्र ‘बुद्धगुप्त’ के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए।

7) कबीरदास की भक्तिभावना पर प्रकाश डालिए।

8) मान लीजिए आप एक गरीब विद्यार्थी हैं। आप कक्षा 12वीं में पढ़ते हैं पर फीस (शुल्क) जमा नहीं कर सकते। अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को शुल्क माफ करने हेतु प्रार्थना पत्र लिखिए।

9) निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

''अपने आप को हर घड़ी और हरपल महान से भी महान बनाने का नाम वीरता है। वीरता के कारनामें तो एक गौण बात है। असल वीर तो इस कारनामे को अपनी दिनचर्या में लिखते भी नहीं। पेड़ तो जमीन से रसग्रहण करने में लगा रहता है।''

(खण्ड – स) $2 \times 20 = 40$

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश : किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम 500 शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 20 अंकों का है।

10) तुलसीदास की काव्य रचनाओं पर प्रकाश डालते हुए उनकी भक्ति भावना का उद्घाटन कीजिए।

11) महादेवी वर्मा कृत भाभी' संस्मरण में भाभी के चरित्र चित्रण पर प्रकाश डालिए।

12) निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर टिप्पणी लिखिए।

(क) 'कामायनी' का काव्य–सौन्दर्य।

(ख) 'आकाशदीप' कहानी में चम्पा का चरित्र चित्रण।

(ग) मीरा की भक्ति भावना।

(घ) प्रत्यय और उपसर्ग की सोदाहरण परिभाषा।

13) निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर अनुच्छेद लिखिए। (प्रत्येक 10 अंकों का है)

(क) मेरा प्रिय त्यौहार

(ख) समाचार पत्र

(ग) राजभाषा और राष्ट्रभाषा हिन्दी

(घ) सोशल मीडिया (सामाजिक जनसंचार)